nt>

Title: Need for early construction of Thermal Power Station at Yamuna Nagar district, Haryana − Laid.

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला): अध्यक्ष महोदय, आज से लगभग 12 वर्ा पहले भारत के पूर्व प्रधानमंत्री (श्री नरसिम्हा राव) ने दिल्ली से रिमोट कंट्रोल बटन दबा कर हरियाणा के यमुनानगर जिले में 1000 मेगावाट का थर्मल पावर स्टेशन का शिलान्यास किया था, परन्तु आज तक यह थर्मल पॉवर प्लान्ट बन नहीं पाया है। 15 वर्ा पहले क्षेत्र की 1500 एकड़ बहुत ही उपजाऊ भूमि अधिग्रहण की गयी थी, जो कि आज तक खाली पड़ी है। इस थर्मल प्लांट के न बनने से राज्य के उद्योग जगत व कृाि क्षेत्र में निराशा का वातावरण बना है।

मैं मांग करता हूं कि इस बारे में ऊर्जा मंत्री एक वक्तव्य दें व राज्य सरकार के इस प्रोजेक्टस के बारे में भूमिका की जानकारी भी प्रदान करायी जाये।